गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर, निकायों में संचालित शासकीय योजनाओं की झांकी ने प्राप्त किया द्‌वितीय स्थान, मंत्री श्री रविंद्र चौबे के हाथों मिला सम्मान, निगमायुक्त रोहित व्यास एवं दुर्ग आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने प्राप्त किया सम्मान

भिलाई नगर/ गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर दुर्ग स्टेडियम में आयोजित विभिन्न योजनाओं की झांकी का प्रदर्शन किया गया। इसमें अलग-अलग विभागों ने योजनाओं को लेकर तथा कार्यों को लेकर झांकी तैयार किया था। इसमें दुर्ग जिले के 4 नगर निगम ने भी मिलकर निगमो में संचालित शासकीय योजनाओं को परिलक्षित करने के लिए एक झांकी बनाई थी। योजनाओं को प्रत्यक्ष दिखाता हुआ यह झांकी द्‌वितीय स्थान पर रहा। मंत्री श्री रविंद्र चौबे जी ने झांकी के द्‌वितीय स्थान पर आने पर निगमायुक्त रोहित व्यास तथा आयुक्त लोकेश चंद्राकर को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। झांकी के माध्यम से मितान योजना , सी मार्ट, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना तथा धन्वंतरी योजना को प्रदर्शित किया गया। इसे लोगों ने खूब पसंद किया और योजनाओं को उन्हे समझने का मौका मिला। झांकी के प्रदर्शन के लिए मितान ने बाइक पर सवार होकर झांकी की अगुवाई की तथा यह बताने का प्रयास किया कि मितान की सेवा त्वरित रूप से घर पहुंच देने के लिए सदैव तत्पर है। निगम आयुक्त रोहित व्यास के मार्गदर्शन में झांकी तैयार की गई थी। भिलाई निगम में झांकी तैयार करने के लिए मुख्य रूप से अधीक्षण अभियंता बी. के. देवांगन, सहायक अभियंता आर एस राजपूत एवं तपन अग्रवाल , दीप्ति साहू एवं उप अभियंता अर्पित बंजारे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।